पत्रिका।

विश्व विद्यालयीन खेल.

भाविका इटली के लिए संभावित दल में शामिल

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● इटली में 3 से 14 जुलाई तक आयोजित होने वाले आगामी 30वें ग्रीष्मकालीन विश्व विद्यालयीन खेलों की चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले संभावित भारतीय विश्वविद्यालयीन दल में देवी अहिल्या विश्वविद्यालयीन की गोताखोर भाविका पिंगले का चयन हाई बोर्ड डाइविंग में हुआ है। भाविका देअविवि की पहली महिला खिलाड़ी है, जो विश्व विद्यालयीन खेलों की चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल के संभावितों में हैं। भाविका को अभा अंतर विवि स्तरीय गोताखोरी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रहने के कारण विश्वेर्या तकनीकी विवि बेलगामी द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता हेतु आमंत्रित किया गया था। विश्वामित्र अवार्डी रमेश व्यास की प्रशिक्षु भाविका ने चयन ट्रायल्स के दौरान अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संभावित भारतीय दल पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। वह पिछले दो साल से स्वर्ण जीत रही हैं। भाविका को कुलपति प्रो. एनके धाकड़, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. एलके त्रिपाठी, डॉ. सुनील दुधाले, विकास कौशिक, सीबी होलकर, डॉ. अनुपम शर्मा ने बधाई दी।